AMRIT VICHAR PAGE 5

दिव्यांग छात्रों के लिए संजीवनी बनेगा छात्र सुविधा केन्द्र

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों की आवाज सीधे कुलपति सुनें इसके लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि छात्र सुविधा केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें भूतल पर लॉज बनाया गया है। जहां छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर, सोफा सहित चाय-काफी, समाचार पत्र, पत्रिकाओं से लेकर इंटरनेट की भी सुविधा दी जाएगी। इस केंद्र पर छात्रों को छात्रवृत्ति, छात्रावास सहित सभी जानकारियां आसानी से मिल सकेंगी। विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों की समस्याओं का भी यहीं पर समाधान हो सकेगा। चीफ प्रवोस्ट, डीएसडब्लू सहित डायरेक्टर इंटरनेशनल स्टूडेंटस एडवाइजर सहित छात्रों से जुड़े सभी कार्यालय यहां होंगे। इसी सप्ताह इसका लोकार्पण किया जायेगा। जिसका छात्र लाभ उठा सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्र-छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

तीन कंपनियों में 23 छात्रों को मिला रोजगार

इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कम्पनियों में 23 छात्रों का चयन हुआ। ऑलस्टेट सॉल्यूशन प्रा. लि. में सुयश सक्सेना का चार लाख के पैकेज पर तथा बिरलासॉफ्ट प्राइवेट लि. में सुजाता यादव का 3.6 लाख पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। साथ ही केपी. रिलायबल टेक्नीक इंडिया प्रा. लि. में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 21 छात्रों मनीष गुप्ता, लीला मिश्रा, पार्थ शुक्ला, शशांक राय, सम्मान त्रिपाठी, अभिनव सिंह, शिवांगी, मो. इनायत अली, प्रदीप, वैभव, प्रांजल पटेल, मो. अर्शलान सैयद, शशांक सिंह, श्रीकेश कुमार, श्रेष्ठ सिंह, शैलेंद्र, स्पर्श कैथल, सौरभ, आदित्य अश्विनी, सुधांशु और मो. अनस इरफान का क्वॉलिटी इंस्पेक्टर के पद पर अधिकतम 2.16 लाख पैकेज पर चयन हुआ| कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन डॉ. हिमांशु पाण्डेय द्वारा और संचालन इंजी प्रशांत सिंह, इंजी. पवन राजावत द्वारा किया गया।

परीक्षा फॉर्म में त्रुटि पड़ेगी भारी

विवि में फॉर्म भरने की तारीख जरूर बढ़ा दी गई है, लेकिन अभी परीक्षाओं की तारीख बढ़ाने पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। निदेशक आईपीपीआर डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 13 तक फॉर्म भरे जाएंगे, 14 को सारा डाटा परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के पास पहुंच जाएगा और उसी दिन एडमिट कार्ड जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षाएं तय समय पर यानी 15 दिसम्बर से ही होंगी। ऐसे में छात्र फॉर्म भरते समय सही जानकारी ही भरें नहीं तो परीक्षा के समय दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट/एक्जम्प्टेड परीक्षाओं के लिए फॉर्म के साथ ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भरकर, उसकी रसीद के साथ अपना फॉर्म विभाग/डीन कार्यालय में देना है।

अल्पसंख्यक छात्रों को स्कॉलरशिप आवेदन के लिए मौका

अल्पसंख्यक समुदायों (जैन, बौद्ध, सिक्ख, पारसी, मुस्लिम, ईसाई) से संबंधित छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप देने के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 दिसंबर तक अब लिए जाएंगे। पात्र छात्र नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति के अंतर्गत छात्रवृत्तियों का लाभ लेने के लिए पात्र छात्र आवेदन कर सकते हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : बीटेक, एमसीए व बीसीए विषम सेमेस्टर की परीक्षा एक से

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीटेक, एमसीए और बीसीए की विषम सेमेस्टर की परीक्षा एक जनवरी से होगी। विवि ने इन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। छात्र विवि की वेबसाइट से परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बीटेक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा एक, चार, छह, आठ, 11 और 13 जनवरी को होगी।

वहीं, बीटेक पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और मेकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा तीन, पांच, सात, 10 और 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी। वहीं, बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और मेकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा तीन, पांच, सात, 10 और 12 जनवरी को होगी।

■ ***एमसीए और बीसीए का परीक्षा कार्यक्रम :*** एमसीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। तीन जनवरी को कंप्यूटर नेटवर्क, पांच को डिजाइन एंड एनेलिसिस ऑफ एलगोरिदम, सात को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग कॉन्सेप्ट, 10 जनवरी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 12 को वेब टेकनोलॉजी की परीक्षा होगी। वहीं, एमसीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी। एक जनवरी को सिस्टम एनेलिसिस एंड डिजाइन, चार को मल्टी मीडिया सिस्टम एंड एनिमेशन, छह को सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, आठ जनवरी को क्रिप्टोग्राफी एंड नेटवर्क सिक्योरिटी और 11 जनवरी को मशीन लर्निंग विषय की परीक्षा होगी। इसके अलावा बीसीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। तीन जनवरी को कंप्यूटर बेस्ड न्यूमेरिकल एंड स्टैटिस्टिकल टेकभनीक्स, पांच को ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग यूजिंग जावा, सात को ओपरेटिंग सिस्टम, 10 जनवरी को मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम और 12 को कंप्यूटर ऑर्किटेक्चर की परीक्षा होगी। बीसीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगी। एक जनवरी को डाटा कम्यूनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्क, चार को डिजाइन एंड एनालिसिस ऑफ एलगोरिदम, छह को वेब डिजाइन कॉन्सेप्ट, आठ जनवरी को यूनिक्स एंड शेल प्रोग्रामिंग और 11 जनवरी को डाटा माइनिंग एंड वेयर हाउसिंग, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग मैथडोलॉजी, ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर व इन्फॉर्मेशन सिस्टम एनालिसिस डिजाइन एंड इंप्लीमेंटेशन विषय की परीक्षा होगी।



लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

प्रस्तावित नोडल सेंटर बनाए

लविवि में इस बार से रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर जिले के कॉलेज भी जुड़े हैं। यहां पर भी इन विषयों की परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए विवि प्रशासन ने हर जिले में नोडल सेंटर प्रस्तावित किए हैं। जहां परीक्षा सामग्री सुरक्षा के साथ रखी जाएगी। कॉलेज यहीं से सामग्री ले जाकर परीक्षा को संपादित कराएंगे। चारों जिलों में 23 नोडल सेंटर प्रस्तावित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि इस संबंध में कॉलेजों से सुझाव मांगे गए हैं। किसी तरह की आपत्ति नहीं होगी तो इन्हीं को नोडल सेंटर तय कर दिया जाएगा।

सारा को मिली विद्या प्रकाश स्मृति छात्रवृत्ति

लखनऊ। इसाबेला थोबर्न (आईटी) कॉलेज की एमए अर्थशास्त्र की छात्रा सारा अब एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति की हकदार हो गई है। सारा को यह छात्रवृत्ति विद्या प्रकाश स्मृति छात्रवृत्ति के अंतर्गत दिया जा रहा है। यह छात्रवृत्ति स्नातक के छात्र को अर्थशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए दी जाती है। वर्ष 2020 में लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समरोह में सारा को विद्या प्रकाश स्मृति छात्रवृत्ति पदक से नवाजा गया था। उसने आईटी कॉलेज से अर्थशास्त्र विषय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इस पदक से नवाजा था। सारा की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या डॉ. विनीता प्रकाश, अर्थशास्त्र विभाग की प्रमुख डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, शिक्षिका डॉ. अमिता मारवा, प्रीति शर्मा समेत अन्य ने बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : 23 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 23 छात्रों का तीन कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। ऑल स्टेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में सुयश सक्सेना का जावा डवलपर इंटर्न के पद पर चार लाख सालाना पैकेज पर चयन हुआ है। वहीं, सुजाता यादव का ट्रेनी इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। केपी रिलायबल टेक्नीक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 21 छात्रों मनीष गुप्ता, लीला मिश्रा, पार्थ शुक्ला, शशांक राय, सम्मान त्रिपाठी, अभिनव सिंह, शिवागी मोहम्मद इनायत अली, प्रदीप कुमार, वैभव वर्मा, प्रांजल पटेल, मोहम्मद अर्शलान सैयद, शशांक सिंह, श्रीकेश कुमार, श्रेष्ठ सिंह, शैलेंद्र यादव, स्पर्श कैथल, सौरभ सिंह, आदित्य अश्विनी, सुधांशु प्रकाश और मोहम्मद अनस इरफान का क्वालिटी इंस्पेक्टर के पद पर 2.16 लाख रुपये सालाना पैकेज पर चयन हुआ है। कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन डॉ. हिमांशु पांडेय और संचालन प्रशांत सिंह, पवन राजावत ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया कार्यक्रम, 18 हजार छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

एमसीए, बीसीए, बीटेक विषम सेमेस्टर परीक्षा एक जनवरी से

मिशन एग्जाम

13 दिसंबर तक छात्र और छात्राएं भर सकेंगे अब परीक्षा फॉर्म

15 दिसंबर से शुरू होनी हैं एलएलबी समेत कई विषयों की परीक्षाएं

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एमसीए, बीसीए, बीटेक और विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाए एक जनवरी से शुरू होंगी। लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों के तकरीबन 18 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगी।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जनवरी से 13 जनवरी तक एक पाली, बीटेक पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 13 जनवरी एवं बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन जनवरी से 12 जनवरी तक सुबह 9 से 12 बजे की पाली में होंगी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमसीए तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जनवरी से 12 जनवरी तक दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 एवं दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। इसके साथ ही बीसीए तीसरे एवं पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा एक जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी।

एमसीए, बीटेक और बीएसीए सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। परीक्षाओं के लिए लखनऊ में नोडल परीक्षा केन्द्र दो से तीन दिनों में बनाए जाएंगे।

वहीं रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर के लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुए महाविद्यालयों की परीक्षा दिसम्बर 2021 के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। पहले इन केन्द्रों का सत्यापन किया जाएगा। जिसके बाद फाइनल मोहर लगेगी।

जानकारी के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं की मांग को देखते हुए परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 13 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है।

गौरतलब है कि एलएलबी समेत कई विषयों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 दिसम्बर से होनी हैं। वहीं दूसरी ओर अभी फार्म भरे जा रहे हैं। लखनऊ के नोडल केन्द्रों पर भी कोई बात नहीं बनी है। जबकि दूसरे जिलों की प्रस्तावित नोडल केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है।

50 दिनों की ऑफलाइन क्लास के बाद परीक्षा

कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद ऑनलाइन कक्षाएं ही संचालित हो रहीं थीं। 24 अक्तूबर से ऑफलाइन परीक्षाओं का संचालन शुरू हुआ। जिस दौरान विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी जारी थी। अब लगभग 50 दिनों की ऑनलाइन कक्षाओं के बाद सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू की जा रही हैं। 15 दिसम्बर से विषय सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि परीक्षा में जितने पाठ्यक्रम से प्रश्न आने हैं, उतना कोर्स पूरा करा दिया है। वहीं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं ऐसे हैं जो कोर्स पूरा नहीं होने की बात कह रहे हैं।

चार जिलों में नोडल सेंटर बनाए गए

लखनऊ विश्वविद्यालय ने रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर में सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रस्तावित नोडल केन्द्र बना दिए हैं। रायबरेली में दयानन्द डिग्री कॉलेज, फिरोज गांधी कॉलेज, बैसवारा डिग्री कॉलेज, डा भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कॉलेज एवं कमला नेहरू पीजी कॉलेज को नोडल केन्द्र के लिए प्रस्तावित सूची में रखा है। इसी क्रम में सीतापुर में आरएमपीपीजी कॉलेज, हाजी नवाब अली डिग्री कॉलेज, सीतापुर शिक्षा संस्थान, श्रीगांधी डिग्री कॉलेज, एसडब्लू दयाशंकर पटेल महाविद्यालय, हरदोई में दिव्यानन्द विद्या मंदिर महाविद्यालय, श्री बालाजी महराज महाविद्यालय, सीएसएन पीजी कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय पिलानी एवं बीएन डिग्री कॉलेज और लखीमपुर में वाईडी कॉलेज, बीएकेपी कॉलेज, सीजीएन कॉलेज, तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय पलियाकाला को नोडल केन्द्रों की प्रस्तावित सूची में रखा गया है। जिसमें अंतिम निर्णय जल्द होगा।

इंजीनियरिंग संकाय के 23 छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कम्पनियों में 23 छात्रों का चयन हुआ। ऑलस्टेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में सुयश सक्सेना का जावा डेवलपर इंटर्न के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा बिरला सॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड में सुजाता यादव का ट्रेनी इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। साथ ही के.पी. रिलायबल टेक्नीक इंडिया प्रा. लिमिटेड में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 21 छात्रों का क्वॉलिटी इंस्पेक्टर के पद पर अधिकतम 2.16 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ।

PIONEER PAGE 3

एमसीए, बीसीए और बीटेक की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं एक जनवरी से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से मंगलवार को एमसीएए बीसीएए बीटेक और विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाए एक जनवरी से शुरू होंगी। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों के तकरीबन 18 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जनवरी से 13 जनवरी तक एक पाली, बीटेक पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 13 जनवरी एवं बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन जनवरी से 12 जनवरी तक सुबह 9 से 12 बजे की पाली में होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमसीए तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जनवरी से 12 जनवरी तक दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 एवं दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। इसके साथ ही बीसीए तीसरे एवं पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा एक जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। वहीं एमसीए, बीटेक और बीसीए सेमेस्टर परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है। परीक्षाओं के लिए लखनऊ में नोडल परीक्षा केन्द्र दो से तीन दिनों में बनाए जाएंगे। वहीं रायबरेलीए सीतापुरए हरदोई और लखीमपुर के लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुए महाविद्यालयों की परीक्षा दिसम्बर 2021 के लिए प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने रायबरेली, सीतापुरए हरदोई और लखीमपुर में सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रस्तावित नोडल केन्द्र बना दिए हैं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि इंजीनियरिंग के 23 छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कम्पनियों में 23 छात्रों का चयन हुआ। लविवि के शिक्षकों का दावा है कि एक कंपनी में सुयश सक्सेना का जावा डेवलपर इंटर्न के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा सुजाता यादव का ट्रेनी इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है, साथ ही मैकेनिकल के 21 छात्रों मनीष गुप्ता, लीला मिश्रा, पार्थ शुक्ला, शशांक राय, सम्मान त्रिपाठी, अभिनव सिंह, शिवांगी, मो. इनायत अली, प्रदीप कुमार, वैभव वर्मा, प्रांजल पटेल, मो. अर्शलान सैयद, शशांक सिंह, श्रीकेश कुमार, श्रेष्ठ सिंह, शैलेंद्र यादव, स्पर्श कैथल, सौरभ सिंह, आदित्य अश्विनी, सुधांशु प्रकाश और मो. अनस इरफान का क्वॉलिटी इंस्पैक्टर के पद पर 2.16 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ।

एमसीए-बीसीए, बीटेक सेमेस्टर की परीक्षाएं पहली से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को एमसीए, बीसीए, बीटेक और विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं एक जनवरी से शुरू होंगी, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध महाविद्यालयों के 18 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। लविवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जनवरी से 13 जनवरी तक एक पाली में, बीटेक पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 13 जनवरी एवं बीटेक सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन जनवरी से 12 जनवरी तक प्रातः नौ बजे से 12 बजे की पाली में होंगी। उन्होंने बताया कि एमसीए तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं एक जनवरी से 12 जनवरी तक दो पालियों में होंगी। पहली पाली प्रातः नौ बजे से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर दो से पांच बजे तक होगी। इसके साथ ही बीसीए तीसरे एवं पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा एक जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेंगी। एमसीए, बीटेक और बीएसीए सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट पर अपडेट कर दिया गया है।

JAGRAN CITY PAGE I

बीटेक, बीसीए की सेमेस्टर परीक्षाएं एक से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया **विषम सेमेस्टर परीक्षाओं** का कार्यक्रम

जागरण संवाद, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग संकाय में संचालित बीटेक, बीसीए और एमसीए पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम मंगलवार को तय कर दिया। परीक्षाएं एक जनवरी से शुरू होंगी। विद्यार्थी बीटेक तीसरे, पांचवें, सातवें, एमसीए और बीसीए तीसरे व पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना का कहना है कि परीक्षाएं 13 जनवरी तक संचालित होंगी।

ये है परीक्षा कार्यक्रम

बीटेक तीसरा सेमेस्टर : एक जनवरी-मैथमैटिक्स-3, चार जनवरी-सिविल इंजीनियरिंग में फ्लूइड मैकेनिक्स, कंप्यूटर साइंस में नेटवर्क एनालिसिस एंड सिंथेसिस, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में नेटवर्क एनालिसिस एंड सिंथेसिस, इलेट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सालिड स्टेट डिवाइस एंड सर्किट्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में फ्लूड मैकेनिक्स विषय की परीक्षा होगी। छह जनवरी-सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्ट्रेंथ आफ मैटीरियल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डाटा स्ट्रक्चर प्रीमियर यूजिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल मेजरमेंट एंड मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट्स विषय की परीक्षा होगी। आठ जनवरी-बिल्डिंग मैटीरियल एंड कंस्ट्रक्शन, न्यूमैरिकल एंड स्टैटिस्टिकल टेक्निक्स इन कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल मशीन-1, सिंगल एंड सिस्टम्स, मैटीरियल, 11 जनवरी-सवायविंग, डिजिटल सर्किट एंड लाजिक डिजाइन, एलांग एंड डिजिटल इलेक्ट्रानिक्स, डिजिटल सर्किट एंड लाजिक डिजाइन, इंजीनियरिंग थर्मोडायनमिक्स, 13 जनवरी-एनवायरमेंट एंड ईकोलाजी, ह्यूमन वैल्यू एंड एथिक्स।

- **ये भी है प्रमुख तिथियां** : बीटेक पांचवें और सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं सेमेस्टर : तीन से 12 जनवरी तक।
- **एमसीए पांचवां सेमेस्टर** : एक जनवरी-सिस्टम एनालिसिस एंड डिजाइन, चार जनवरी-मल्टीमीडिया सिस्टम एंड एनिमेशन, छह जनवरी-साफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, आठ जनवरी-क्रिप्टोग्राफी एंड नेटवर्क सिक्योरिटी, 11 जनवरी-मशीन लर्निंग। परीक्षा का समय सुबह से दोपहर 12 बजे तक।
- **एमसीए तीसरा सेमेस्टर** : तीन जनवरी-कम्प्यूटर नेटवर्क, पांच जनवरी-डिजाइन एंड एनालिसिस आफ एल्गोरिदम, सात जनवरी-साफ्टवेयर इंजीनियर कान्सेप्ट, 10 जनवरी-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 12 जनवरी-वेब टेक्नोलाजी। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक।
- **बीसीए पांचवां सेमेस्टर** : एक जनवरी-डाटा कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्क, चार जनवरी-डिजाइन एंड एनालिसिस आफ एल्गोरिदम, छह जनवरी-वेब डिजाइन कान्सेप्ट, आठ जनवरी-यूनिक्स एंड शेल प्रोग्रामिंग, 11 जनवरी-डाटा मिनिंग एंड वार हाउसिंग, साफ्टवेयर टेस्टिंग मैथडोलाजी, ओपन सोर्स साफ्टवेयर, इंफार्मेशन सिस्टम : एनालिसिस, डिजाइन एंड इम्प्लीमेंटेशन। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक।
- **बीसीए तीसरा सेमेस्टर** : तीन जनवरी-कंप्यूटर बेस्ड न्यूमैरिकल एंड स्टैटिस्टिकल टेक्निक्स, पांच जनवरी-आब्जेक्टिव ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग यूसिंग जावा, सात जनवरी-आपरेटिंग सिस्टम, 10 जनवरी-मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम, 12 जनवरी-कम्प्यूटर आर्किटेक्चर। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक।

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए बनाए गए 23 नोडल सेंटर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021-22 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 23 नोडल केंद्रों की प्रस्तावित सूची मंगलवार को जारी कर दी। यह सभी केंद्र रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सम्बद्ध महाविद्यालयों में से बनाए गए हैं। यदि इन पर केंद्र के प्राचार्यों को कोई सुझाव या प्रस्ताव देना है तो परीक्षा विभाग के ई-मेल coe@lkouniv.ac.in पर 11 दिसंबर तक भेज सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक प्रो.एएम सक्सेना की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक रायबरेली में छह, सीतापुर में पांच, हरदोई में सात और लखीमपुर खीरी में पांच नोडल केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। जो भी सुझाव आएंगे, उसके बाद नोडल केंद्रों को फाइनल कर बैठक की जाएगी। लवि पहली बार इन जिलों में परीक्षाएं आयोजित करेगा।

यहां होंगे नोडल सेंटर

- रायबरेली : दयानंद डिग्री कालेज बछरावां, फिरोजगांधी कालेज, बैसवारा डिग्री कालेज लालगंज, डा. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय ऊंचाहार, सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कालेज, कमला नेहरू पीजी कालेज तेजगांव।
- सीतापुर : हाजी नवाब अली डिग्री कालेज, आरएमपी पीजी कालेज, सीतापुर शिक्षा संस्थान, श्री गांधी डिग्री कालेज सिधौली, दया शंकर पटेल महाविद्यालय गाजीपुर महोली।
- हरदोई : डायमंड विद्या मंदिर महाविद्यालय, श्री बालाजी महाराज महाविद्यालय, डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज, महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, सीएसएन पीजी कालेज, राजकीय महाविद्यालय पिहानी, बीएन डिग्री कालेज शाहबाद।
- लखीमपुर खीरी : वाईडी कालेज, बीए केपी कालेज, सीजीएन कालेज गोला, तक्षशिला पब्लिक महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय पलियाकलां।

लवि : 23 विद्यार्थियों को मिला कैंपस प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में विद्यार्थियों के प्लेसमेंट का सिलसिला जारी है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों में 23 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इनमें सुयश सक्सेना को चार लाख प्रतिवर्ष, सुजाता यादव को 3.6 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इसके अलावा मनीष गुप्ता, लीला मिश्रा, पार्थ शुक्ला, शशांक राय, सम्मान त्रिपाठी, अभिनव सिंह, शिवांगी, मोहम्मद इनायत अली, प्रदीप कुमार, वैभव वर्मा, प्रांजल पटेल, मोहम्मद अर्शलान सैयद, शशांक सिंह, श्रीकेश कुमार, श्रेष्ठ सिंह, शैलेंद्र यादव, स्पर्श कैथल, सौरभ सिंह, आदित्य अश्विनी, सुधांशु प्रकाश, मोहम्मद अनस इरफान का अधिकतम 2.16 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है। कोविड के बाद से अब तक करीब 125 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हो चुका है।

i-NEXT PAGE 3

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया ऑड सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल

बीटेक, एमसीए के सेमेस्टर एग्जाम 1 से

एलयू ने किया ऑड सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने बीटेक, बीसीए और एमसीए कोर्सेज के ऑड सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल मंगलवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जारी कर दिया. शेड्यूल के अनुसार इन कोर्सेज के एग्जाम एक जनवरी से शुरू होंगे. बीटेक तीसरे, पांचवें, सातवें, एमसीए और बीसीए तीसरे व पांचवें सेमेस्टर का एग्जाम शेड्यूल जारी किया गया है. एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि यह सेमेस्टर एग्जाम 13 जनवरी तक संचालित होंगे. गौरतलब है कि धीरे धीरे लखनऊ यूनिवर्सिटी का एग्जाम शेड्यूल पटरी पर आ रहा है. जो कोरोना के चलते बिगड़ गया था.

CONCEPT PIC

यह है एग्जाम शेड्यूल

एमसीए फिफ्थ सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
1 जनवरी	सिस्टम एनालिसिस एंड डिजाइन
4 जनवरी	मल्टीमीडिया सिस्टम एंड एनिमेशन
6 जनवरी	साफ्टवेयर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट
8 जनवरी	क्रप्टोग्राफी एंड नेटवर्क सिक्योरिटी
11 जनवरी	मशीन लर्निंग

बीटेक तीसरा सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
1 जनवरी	सभी ब्रांच मैथमैटिक्स-3
4 जनवरी	सिविल- फ्लूइड मैकेनिक्स, सीएस- नेटवर्क एनालिसिस एंड सिंथेसिस, ईई- नेटवर्क एनालिसिस एंड सिंथेसिस, ईसी- सालिड स्टेट डिवाइस एंड सर्किट्स, एमई- फ्लूड मैकेनिक्स
6 जनवरी	सिविल, ईई, एमई- स्ट्रेंथ आफ मैटीरियल, सीएस और ईई- डाटा स्ट्रक्चर प्रीमियर यूजिंग, ईई- इलेक्ट्रिकल मेजरमेंट एंड मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट्स
8 जनवरी	सिविल- बिल्डिंग मैटीरियल एंड कंस्ट्रक्शन, न्यूमैरिकल एंड स्टैटिस्टिकल टेक्निक्स इन कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल मशीन-1, सिंगल एंड सिस्टम्स, मैटीरियल
11 जनवरी	सवायविंग, डिजिटल सर्किट एंड लाजिक डिजाइन, एलांग एंड डिजिटल इलेक्ट्रानिक्स, डिजिटल सर्किट एंड लाजिक डिजाइन, इंजीनियरिंग थर्मोडायनमिक्स
13 जनवरी	एनवायरमेंट एंड ईकोलाजी, ह्यूमन वैल्यू एंड एथिक्स

बीटेक फिफ्थ सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
3 जनवरी	सिविल- डिजाइन ऑफ कंस्ट्रेट स्ट्रक्चर-1, सीएस- कान्सेप्ट ऑफ ऑपरेटिंग सिस्टम, ईई- पॉवर सिस्टम-1, ईसी- माइक्रोप्रोसेसर एंड माइक्रोकंट्रोलर, एमई- मशीन डिजाइन
5 जनवरी	सीएस- इंवायरमेंटल इंजीनियरिंग-1, सीएस- डाटाबेस मैनेजमेंट कॉन्सेप्ट, ईई- कंट्रोल सिस्टम, ईसी- इंट्रीग्रेटेड सर्किट, एमई- मैन्युफ्रैक्चरिंग साइंस एंड इंजीनयरिंग-2
7 जनवरी	सीएस- ट्रासपोट्रेशन इंजीनियरिंग-1, सीएस- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, ईई- इलेट्रिकल एंड इलेक्ट्रिनिक्स इंजीनयरिंग मैटेरियल, ईसी- एंटेना एडं वेव प्रोप्रग्रेशन, एमई- हीट एंड मास ट्रांसफर
10 जनवरी	सीएस- जियोनॉटिकल इंजीनियरिंग, सीएस- वेब टेक्नोलॉजी, ईई- एडवांस इलेट्रिकल मशीन, ईसी- एनालॉग सिग्नल प्रोसेसिंग, एमई- फ्लियूड मशीनरी
12 जनवरी	सीएस- स्ट्रक्चरल एनालिसिस, सीएस- कम्पलायर डिजाइन, ईई- प्रिंसिपल ऑफ कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, ईसी- प्रिंसिपल ऑफ कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, एमई- इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग

एमसीए थर्ड सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
3 जनवरी	कम्प्यूटर नेटवर्क
5 जनवरी	डिजाइन एंड एनालिसिस आफ एल्गोरिदम
7 जनवरी	साफ्टवेयर इंजीनियर कान्सेप्ट
10 जनवरी	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
12 जनवरी	वेब टेक्नोलाजी

बीसीए थर्ड सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
3 जनवरी	कंप्यूटर बेस्ड न्यूमैरिकल एंड स्टैटिस्टिकल टेक्निक्स
5 जनवरी	आब्जेक्टिव ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग यूसिंग जावा
7 जनवरी	आपरेटिंग सिस्टम
10 जनवरी	मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम
12 जनवरी	कम्प्यूटर आर्किटेक्चर

बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर

डेट	सब्जेक्ट
1 जनवरी	डाटा कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्क
4 जनवरी	डिजाइन एंड एनालिसिस आफ एल्गोरिदम
6 जनवरी	वेब डिजाइन कान्सेप्ट
8 जनवरी	यूनिक्स एंड शेल प्रोग्रामिंग
11 जनवरी	डाटा मिनिंग एंड वार हाउसिंग, साफ्टवेयर टेस्टिंग मैथेडोलाजी, ओपन सोर्स साफ्टवेयर, इंफार्मेशन सिस्टम : एनालिसिस, डिजाइन एंड इम्प्लीमेंटेशन

THE PIONEER PAGE 3

Stress laid on women empowerment

Lucknow (PNS): A mega event called 'Search Within and Beyond', consisting of poster and slogan contests and inspirational talks, was organised at the Malviya Hall by the department of Western History, University of Lucknow, under the aegis of Mission Shakti phase-3.

Several colleges affiliated to LU participated in the competitions. The programme was conducted under the patronage of Vice-Chancellor AK Rai. Students and teachers from affiliated colleges participated in huge numbers and carried out an awareness march for women empowerment.

The VC inaugurated the event and emphasised on the need to involve both the genders in order to empower women and create a balanced society.

Former UP Police officer Satya Singh spoke about women's legal rights. She said awareness is important to stop violation of women's rights. Squadron Leader Toolika Rani, the first woman from UP to climb Mt Everest, spoke about providing equal opportunities to both genders, while manager of One Stop Centre Archana Singh shed light on the facilities available to women under the government initiative. Madhurima Lall was the convener of the event while the welcome address was given by head of Western History department Madhu Rajput.

NBT PAGE 3 & 6

एलयू : अब 13 तक भरें परीक्षा फॉर्म

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी और सहयुक्त महाविद्यालय के स्नातक में तीसरे और पांचवें सेमेस्टर, पीजी और पीजी के प्रबंधकीय व डिप्लोमा, लॉ (3 साल) के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर और एग्जेंप्टेड की सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाकर 13 दिसंबर कर दी गई है। एलयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना के मुताबिक, ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म वेबसाइट www.exam.luonline.in और www.lkouniv.c.in पर उपलब्ध हैं।

23 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजिनियरिंग संकाय के 23 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुए इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में तीन कंपनियों ने इन्हें नौकरी दी है। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन डॉ. हिमांशु पाण्डेय और संचालन इंजिनियर प्रशांत सिंह, इंजिनियर पवन राजावत की ओर से किया गया।